Fourteenth Loksabha

Session : 4
Date : 10-05-2005

Participants : Mane Smt. Nivedita

Title: Need to charge rentals applicable to rural areas on telephones in Kolhapur and Echalkaranji Parliamentary Constituencies, Maharashtra.

श्रीमती निवेदिता माने (इचलकरांजी) : अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार का ध्यान महाराट्र के कोल्हापुर और इचलकरंजी संसदीय क्षेत्रों में टेलीफोन विभाग द्वारा की जा रही अनियमितताओं की ओर आकर्ति करना चाहती हूं। महोदय, केन्द्रीय सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीफोन कनेक्शन लगाने हेतु जमा राशि और मासिक किराया शहरी क्षेत्रों की अपेक्षा कम रखा है। परन्तु, टेलीफोन ि वभाग की लापरवाही के कारण उपरोक्त क्षेत्रों में ग्रामीण जनता से नगरीय क्षेत्रों के बराबर ही अग्रिम जमा तथा मासिक किराया लिया जा रहा है।

अतः अध्यक्ष महोदय, मैं सरकार से यह मांग करती हूं कि इस संबंध में तुरंत कार्यवाही करके इन अनियमितताओं को दूर किया जाये और अधिक वसूल किया गया किराया तथा अग्रिम राशि का भुगतान किया जाये। साथ ही मैं सरकार से यह मांग भी करती हूं कि सरकार देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली जनता से शहरी क्षेत्रों की तुलना में कम दर पर काल की वसूली करें ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की टेलीफोन लगाने की उदार नीति सही मायनों में सफल हो सकें।